दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 223 मुरादाबाद 10 December 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## प्रबुद्धजन सम्मेलन: सीएम योगी बोले- बदमाश इस चौराहे पर अपराध करेगा, तो अगले चौराहे पर हो जाएगा ढेर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्धजन सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कानपुर पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सीएसए में बने हैलीपैड में उतरा। कार्यक्रम में पहुंचकर सीएम ने निकाय चुनाव से पहले 387.59 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। वीएसएसडी कॉलेज ग्राउंड में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 388 करोड़ रुपए की 272 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कानपुर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार कानपुर समेत प्रदेश के विकास की प्रतिबद्धता के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी उत्तर भारत के मैनचेस्टर के रूप में विख्यात था। अपने उद्योगों के बदौलत अलग पहचान रखता था, जो देशभर के नौजवानों के लिए रोजगार मुहैया कराता था। लेकिन 70-80 के दशक में कुछ लोगों की बदौलत देश के पांच बड़े महानगरों में गिना जाने वाला कानपुर अराजकता और अव्यवस्था का शिकार हो गया। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम कानपुर का छवि बदलने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। नमामि गंगे, मेट्रो रेल, डिफेंस कॉरीडोर, स्मार्ट सिटी आदि से कानपुर को बदला जा रहा है। कानपुर सहित 18 शहर बन रहे हैं शेफ सिटी- योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के जरिए स्मार्ट मिशन में कोविड-19 की बेहतर व्यवस्था की गई। वही कूड़ा प्रबंधन और शहर को सुरक्षित रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। कानपुर सहित प्रदेश में बेहतर सुरक्षा और कानून व्यवस्था स्थापित हुई है।

### इस चौराहे पर करेगा अपराध, अगले चौराहे पर हो जाएगा ढेर

उन्होंने कहा कि आईसीसीसी के तहत कानपुर सहित 18 शहरों को सेफ सिटी बनाने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसका परिवर्तन व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है। अब कोई भी समाज विरोध तत्व अपराध करने की हिम्मत नहीं कर रही है। यदि किसी ने किसी चौराहे पर शरारत की, तो अगले चौराहे पर भागने से पहले ही पुलिस उसको ढेर कर चुकी होगी। क्योंकि उसकी तस्वीरें चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी होगी। यही नहीं, आम जनमानस की सुविधाओं को देखते हुए शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। निवेशकों के परिश्रम और पुरुषार्थ से शहर स्मार्ट हो रहे हैं। समारोह में सबसे पहले सीएम ने मंच पर छात्र अभिनव और आर्य को सम्मानित किया। इसके बाद प्रबुद्ध वर्ग से डॉक्टर, उद्यमी, शिक्षक समेत 51 लोगों को सम्मानित किया। प्रमिला पांडेय बोलीं- सीएम ने प्रदेश में दिया भय रहित माहौल- समारोह में कानपुर मेयर प्रमिला पांडेय ने कहा कि प्रदेश में पहले भी कई सीएम आए हैं,लेकिन जो भय रहित माहौल प्रदेश में है। वो सिर्फ योगी जी की वजह से है। वहीं, सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में कानपुर सहित पूरा प्रदेश बदल रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात में मोदी जी के नेतृत्व में विजय का परचम फहराया। पहले उत्तर प्रदेश पिछड़ा प्रदेश था। योगी जी ने अपनी दूरदर्शिता और पक्के इरादे के बाल पर यूपी को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। विकास के मामले में नंबर दो पर है अब यूपी और ये सिर्फ योगी ने कराया। वहीं, देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 300 करोड़ का विकास कराया है। यहां मिनी पीजीआई की तरह इलाज होता है। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद से यूपी का कोई आदमी भूखा नहीं सोया है...सिर्फ मोदी और योगी की वजह से। यही नहीं,कानपुर विकास की नई इबारत तेजी से लिख रहा है। शहर को समय से पहले मेट्रो की सौगात मिली है। मैंने पचौरी जी के साथ मिलकर कानपुर को विकास की कई सौगात देने के लिए लगातार दिल्ली में प्रयास किया है और आगे भी करेंगे।- इसके बाद गोद भराई और अन्नाप्रासन के लिए सीएम ने किट दी। आयुषी, शिविका और जया का अन्नप्राशन किया। साथ ही, रोशनी और रुकमणी की गोद भराई रस्म अदा की। साथ ही, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का वीडियो भी लांच किया गया। इसके बाद कानपुर स्मार्ट सिटी की कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन हुआ। इन योजनाओं का किया लोकार्पण- कार्यक्रम में सीएम ने 387.59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। पालिका स्टेडियम में बने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कारगिल पार्क में बोटिंग समेत 174.12 करोड़ की डेढ़ सौ परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसके अलावा 213.47 करोड़ की 122 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

## राजस्थान में फिर पोस्टर विवाद, कार्यकर्ता का आरोप-पायलट के पोस्टर फाड़े और जलाए गए




कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पोस्टर और होर्डिंग्स को फाड़े जाने को लेकर आलाकमान को शिकायत भेजी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि किसी नेता या किसी और के इशारे पर ये पोस्टर फाड़े गए और होर्डिंग्स हटा दिए गए।गुजरात, हिमाचल में विधानसभा चुनाव और सरदारशहर में उपचुनाव निपटने के बाद एक बार फिर राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट का माहौल बनने लगा है। पहले पायलट समर्थक आचार्य प्रमोद कृष्णम ने ट्वीट कर गुजरात हार का ठीकरा गहलोत पर फोड़ा। अब अलवर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व पूर्व मंत्री सचिन पायलट के पोस्टर फाड़ने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ता संतराम पटेल ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में मालाखेड़ा के आसपास कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूर्व मंत्री सचिन पायलट के पोस्टर फाड़ने का आरोप लगाया है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता ने आलाकमान को शिकायत भेजी है। संतराम पटेल ने कहा कि मालाखेड़ा के आसपास राहुल गांधी और सचिन पायलट के पोस्टर और कुछ हॉर्डिंग्स लगवाए थे। जिनको रात को फाड़ दिया गया। यहां तक की कुछ पोस्टर कुछ जला दिए गए। पायलट समर्थकों का कहना है कि यह औछी हरकत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। कार्यकर्ता अपने साथ सबूत के तौर पर जले पोस्टर भी लेकर आए। कार्यकर्ताओं की आवाज दबाई नहीं जा सकती है% कार्यकर्ता ने आरोप लगाया कि पोस्टर में राहुल गांधी और सचिन पायलट की फोटो प्रमुखता से लगवाई गई थी। इसलिए किसी नेता या किसी और के इशारे पर ये पोस्टर फाड़े गए और होर्डिंग्स हटा दिए गए। राहुल गांधी और सचिन पायलट युवाओं के नेता है। ऐसे पोस्टर फाड़ कर कार्यकर्ताओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है। बता दें कि इससे पहले भी अशोक गहलोत और सचिन पायलट के पोस्टर और हॉर्डिंग्स को लेकर विवाद हो गया था। झालावाड़ में भारत जोड़ो यात्रा की स्वागत में पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए गए थे। जिनमें राहुल गांधी और सचिन पायलट नजर आ रहे थे लेकिन गहलोत की तस्वीर नहीं लगाई गई थी। उसके बाद पायलट समर्थकों ने भी गहलोत गुट पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पायलट के पोस्टर को हटवा दिया है।

# बाइक व साईकिल में टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित कार मंदिर से टकराई एक महिला अध्यापक सहित तीन लोग घायल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद- कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे टुआमई मोड़ पर गुरुवार सुबह एक बाइक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित कार बाइक व साइकिल में टक्कर मारने के बाद मंदिर की दीवार से जा टकराई। हादसे में बाइक, साईकिल व कार सबार महिला अध्यापक सहित तीन लोग घायल हो गये। अलीगढ़ के प्रयाग सरोवर निवासी श्रेष्ठा शर्मा पत्नी इशांत शर्मा जनपद हाथरस के ब्लाक सिकंद्राराऊ के गांव अरनोठ प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक हैं। गुरुवार सुबह वह अलीगढ़ से कार द्वारा स्कूल जा रही थीं। उनकी कार जैसे ही कस्बा अकराबाद को पार कर नेशनल हाईवे पर टुआमई मोड़ के निकट पहुंची तभी अचानक सामने आई बाइक को बचाने के प्रयास में बाइक व एक



साईकिल में टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर मंदिर की दीवार से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार गोलू पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी मानई नगला भढ़पुरा व साईकिल सबार केशव पुत्र देशराज निवासी गांव टुआमई घायल हो गये। कार सबार महिला अध्यापक श्रेष्ठा शर्मा के भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद आसपास के तमाम लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना पर थाने से पुलिस मौके पर आ गई और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकराबाद में भर्ती कराया है। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह ने बताया है कि अभी किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।तहरीर आने पर कार्यवाई की जायेगी। वहीं बीतीरात नेशनल हाइवे पर गांव खेड़ा नरायनसिंह के निकट एक बाइक सबार को अज्ञात वाहन ने रोंद दिया। हादसे में वृजेश कुमार पुत्र नत्थू सिंह ( 30 ) निवासी गांव गोपाल पुर थाना विजयगढ़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नत्थू सिंह थाना गांधी पार्क क्षेत्र के बोनेर हाइवे चौराहे पर एक खोखे में चायपान की दुकान चला कर अपने परिवार की गुजर बसर करता था। वह गुरुवार की रात दुकान बंद कर बाइक द्वारा अपने गांव जा रहा था। नत्थूसिंह ने अपने पीछे पत्नी रेखा, बेटा मौसम व बेटियां भावना, भूमिका को रोते विलखते छोड़ा हैं।

# अलीगढ़ रिश्ते के भाई के साथ गई युवती खुद पहुंची थाने

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- महानगर के सासनी गेट क्षेत्र की एक युवती कुछ दिन पहले अपने रिश्ते के भाई साथ चली गई। परिवार ने मुकदमा दर्ज करा दिया। लेकिन बृहस्पतिवार को युवती खुद ही थाने पहुंच गई। इस पर दरोगा पर युवती के परिवार ने पक्षपात का आरोप लगा दिया। खबर पर परिवार के समर्थन में पहुंचे भाजपाइयों ने दरोगा के खिलाफ हंगा खड़ा कर दिया। सीओ ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया।जानकारी के अनुसार युवती के जाने पर परिवार की ओर से रिश्तेदार युवक पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस दौरान परिवार को खबर मिली कि दोनों ने गाजियाबाद में शादी की है और हाईकोर्ट में सुरक्षा याचिका दायर की है। इसी बीच बृहस्पतिवार सुबह युवती खुद थाने पहुंच गई। सूचना पर परिजन भी आ गए और युवती ने मिलने का प्रयास किया। लेकिन दरोगा ने उन्हें मिलने नहीं दिया। इसी बात पर परिवार ने दरोगा पर आरोप लगा दिया कि वह युवक पक्ष से प्रभावित है। खबर पर पर परिवार के समर्थन में भाजपा नेता राहुल चेतन, अजय गुप्ता आदि पहुंच गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इस सूचना पर सीओ प्रथम अशोक कुमार सिंह थाने आ गए। उन्होंने सभी को शांत करते हुए प्रकरण समझा और मामले में उचित कार्रवाई, मेडिकल परीक्षण व बयान आदि के निर्देश दिए। उसी अनुसार तय किया गया कि कार्रवाई होगी। दरोगा को भी परिवार से सामान्य व्यवहार की हिदायत दी गई।

# मेयर प्रत्याशी बनने के लिए पांच और महिलाएं तैयार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद। मेयर प्रत्याशी बनने के लिए भाजपा के पास दो और एआईएमआईएम के पास तीन महिलाओं के आवेदन आए हैं। सपा की शर्तों के चलते आवेदन आने में देर हो रही है। कांग्रेस अभी भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी में जुटी है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि नगर निकाय की तैयारी में पुरी पार्टी जुटी है। पार्टी पदाधिकारी पन्ना प्रमुख बनाने में लगे हैं। मेयर प्रत्याशी के लिए उनके पास बृहस्पतिवार को दो और आवेदन आए हैं। इस प्रकार मेयर पद के लिए कुल आवेदनों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। एआईएमआईएम के महानगर अध्यक्ष वकी रशीद अहमद ने बताया कि उनके पास तीन महिलाओं ने मेयर पद के लिए आवेदन किया है। पार्टी नगर निकाय चुनाव के लिए वार्डों में लगातार बैठकें कर रही हैं। सपा के महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू ने बताया कि पार्टी ने मेयर पद के लिए कुछ शर्तें रख दी हैं। इनमें आजीवन बुलेटिन का सदस्य बनने के लिए पहले दो हजार रुपये की रसीद लखनऊ कार्यालय में कटवाना अनिवार्य किया गया है। इसी कारण प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदन दो दिन बाद आएंगे। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अनुभव मल्होत्रा ने बताया कि अभी संगठन के लोग भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी में जुटे हैं। 20 दिसंबर की रात यात्रा शहर में प्रवेश करेगी। इधर पाटी की बैठकें जारी हैं। पास बृहस्पतिवार को कोई आवेदन नहीं आया है। इसी प्रकार बसपा की संख्या नौ से आगे नहीं बढ़ी है।

# एसपी द्वारा पुलिसकर्मियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में दिलाई गई शपथ

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती जनपद के पुलिसकर्मियों एवं जन सामान्य को सड़क सुरक्षा के संबंध में शपथ दिलाए जाने के कार्यक्रम के दृष्टिगत एसपी अरविंद कुमार मौर्य द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित समस्त अधिकारियो कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।इस दौरान कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे।एसपी द्वारा सभी पुलिस कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में शपथ दिलाते हुए,यातायात नियमों का पालन करने और अपने आसपास के लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए प्रेरित किया गया।इसी तरह पुलिस लाइन के साथ-साथ जनपद के समस्त थानों,चौकियों व कार्यालयों पर भी सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

# वर्दी की धमक: सिपाही ने किराए के घर के आगे तख्त लगाकर रोक दिया कालौनी का रास्ता



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अलीगढ़ के हरदुआगंज थाने पर तैनात सिपाही धीरज यादव की पुलिसिया धमक के आगे थाने के पीछे रह रहे परिवार हलकान हैं। वर्दी के नशे में सिपाही ने किराए के घर के आगे रास्ते को डेढ़ से दो फ़ीट तक ऊंचा करके तख्त लगाकर बंद कर दिया। शिकायत सीओ से लेकर पुलिस महानिरीक्षक तक की गई है। थाने के पीछे बसी नई आबादी में करीब एक दर्जन घर है, इसी में पीछे शत्रु सम्पति की जमीन में बने घर मे धीरज यादव किराए पर रहते हैं। कालौनी का मुख्य रास्ता इस्कॉन मंदिर के निकट से हैं। दूरी कम होने से कालौनीवासी बिजलीघर में होकर भी आवागमन कर लेते हैं। सिपाही ने पिछले दिनों किराए के घर के आगे दो ट्राली मिट्टी डलवाकर रास्ते को डेढ़ से दोफीट ऊंचा करते हुए तख्त लगाकर रास्ते को बंद कर दिया। एक पखवाड़े तक तख्त न हटाने पर लोगों की आपत्ति पर सिपाही का तर्क था कि मेरे घर के आगे से वाहन व गायों के निकलने से बच्चों को खतरा बना था इसलिए रास्ते को रोक दिया है। मामले की शिकायत सीओ अतरौली से करते हुए पुलिस महानिरीक्षक को ईमेल भेजकर की गई है

# बकाया मानदेय को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया घेराव

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती आशाओं ने बकाया मानदेय की मांग को लेकर बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का घेराव किया। वहीं विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की। आशा कार्यकत्रियों ने बताया कि मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे काम करते हुए भी अपने आप को बेरोजगार महसूस कर रहे है। कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है। आरोप है कि मार्च 2021 से लेकर अब तक हम सभी का मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि हम सभी लगातार अपना कर्तव्य और दायित्व का निर्वहन करते चले आ रहे हैं। भुगतान के लिए यदि स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी से कहा जाता है तो यह कह कर वह हमें टाल देते हैं कि आप सभी का भुगतान किया जा चुका है लेकिन जब हम अपने बैंक खाते को चेक कराने के लिए बैंक जाते हैं तो किसी प्रकार का भुगतान नहीं मिलता है। कई बार संबंधित अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी हम सभी का मानदेय आज तक नहीं दिया जा रहा है जिससे हम सभी परेशान हैं।

# बाइक की आमने सामने टक्कर दो घायल

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-मल्हीपुर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक की हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। थाना मल्हीपुर के वीरगंज बाजार निवासी जुगल किशोर गुप्ता( 50 ) पुत्र गोवर्धन अपनी बाइक से मिठाई बेचने मलंग गांव जा रहे थे। पटना गांव के पास पहुंचने पर सामने से आ रहा इसी थाना के बनगई निवासी शब्बीर नाई( 45 ) पुत्र बैधे की बाइक से आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगो ने एम्बुलेंस से घायलो को सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां जुगल किशोर की हालत गंभीर देखकर चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया।

# प्राकृतिक जैविक खेती को बढ़ाया दिया जाये जिससे जैव विविधता का संरक्षण हो सके-डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -कलेक्ट्रेट सभागार में में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा संरक्षण समिति के संबंध में बैठक आहूत की गयी, जिसमें नमामि गंगे योजना के अर्न्तगत कार्यो की प्रगति/प्रचलन एवं अनुश्रवण तथा जिला सीमा के भीतर नदियों में तरल और ठोस अपशिष्ट लाने वाले नालों की निगरानी के संबंध में समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्राकृतिक जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये जिससे जैव विविधता का संरक्षण हो सके तथा उन्होंने कहा कि वनरोपण व नदी घाट पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कार्यो को प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने बताया कि घाटो का रख-रखाव अच्छे किया जाये तथा स्वच्छता पखबाडा, वनीकरण अभियान, कैच द रैन अभियान आदि संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये। जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र मे काफी समय से सभी बिन्दुओ पर नियमित रूप से कार्य हो रहा है। नगर निगम व विभिन्न नगर पालिकाएं साथ मिलकर कार्य करें तथा अपने कर्तव्यों का अच्छे से निवर्हन करें। उन्होंने भूजल संरक्षण के संबंध में बताया क डार्कजोन एरिया की अच्छी से निगरानी की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जो कमियां हैं उनको समय से निगरानी करके दुरस्त किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में वेटलेंड्स संरक्षण को गम्भीरता से लिया जाये तथा किसानों को भी जागरुक व प्रोत्साहित किया जाये, जिससे पर्यावरण स्वच्छता की ओर एक कदम और आगे बढ़ सके। जिलाधिकारी ने वायोमेडिकल वेस्ट एवं ई-वेस्ट के संबंध में संबंधित अधिकारी से कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली, जिस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि 03 हास्पिटल पर कार्यवाही की जा चुकी है और निरन्तर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। प्लास्टिक वेस्ट के संबंध में अधिकारी ने बताया कि 108 कि0ग्रा0 पॉलीथीन जब्त की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि रामगंगा तट स्थित गांव को एकनामिक एक्टिविटी के तहत विकसित किया जाये जिसमें पर्यावरण का पूरा ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में सामन्जस्य बनाकर कार्य करें और साइट वेस्ट मैनेजमेंट को कैसे बेहतर बनाया जाये इस पर निरन्तर विचार एवं कार्यवाही की जाये। उन्होंने विभिन्न नगर निकायों को निर्देश दियें कि विभिन्न टेण्डरों की प्रक्रिया समय रहते पूर्ण कर लें जिससे विभिन्न कार्यो में गति बनी रहें। उन्होंने बताया कि ई-वेस्ट पर कार्य करने की जरुरत है एवं सभी विभाग वृक्षारोपण में जियो टैगिंग का कार्य निरन्तर जारी रखें।

जिलाधिकारी द्वारा राम गंगा नदी को स्वच्छ करने के सम्बन्ध में अब तक किये गये कार्यो के संबन्ध मे तथा जलनिगम, नगर निगम, प्रदूषण नियन्त्रण विभाग, विभिन्न एनजीओ, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा रामगंगा नदी को स्वच्छ करने हेतु विभिन्न कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी ताकि रामगंगा के जल को शुद्ध एवं अविरल बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि रामगंगा को शुद्ध करने हेतु जन आन्दोलन के साथ ही उसमे लोगो की युद्ध स्तर की भागीदारी हो। उन्होंने बताया कि स्कूल के बच्चो को भी इसमे शामिल किया जाये तथा हर माह जिला गंगा समीति की बैठके नियमित रूप से की जायें जिसमें रामगंगा के साथ ही जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन पर भी वार्ता की जाये। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचय के लिए तालाबों का प्रयोग किया जाये। तालाबो के अतिक्रमणो को हटाने के साथ ही तालाब तक जाने वाले पानी के रास्ते को भी सुरक्षित किया जाये। जनपद मे रैन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु किये गये कार्यो की सफाई समय से करा दी जाये।

उन्होंने कहा कि जल संचय के लिए जनपद में जिस स्टेड्डकर की जरूरत हो उसे बनाया जाये। उन्होंने बताया कि नेचुरल फार्मिंग के तहत भी लोगो को जोडा जाये । बैठक मे डीएफओ, परियोजना निदेशक, ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रिज, जिला गंगा समीति के सदस्य, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता सिचाई विभाग सहित नगर निगम, प्रदूषण नियन्त्रण विभाग, विभिन्न एनजीओ आदि उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जनपद न्यायाधीश डा0 अजय कुमार, जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कुटियाल ने आज संयुक्त रुप से जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थओं का जायजा लिया। जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का भी जायजा लेते हुए कारागार में बेहतर साफ-सफाई करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

# नौकरी की तलाश में आई महिला को अगवा कर किया दुष्क

मुरादाबाद-पति से विवाद होने पर नौकरी की तलाश में बिहार से आई महिला को झांसे में लेकर एक व्यक्ति ने बहजोई रेलवे स्टेशन से अपहरण कर लिया। आरोपी ने ट्यूबवेल की कोठरी रखकर एक सप्ताह तक महिला के साथ दुष्कर्म किया। बुधवार देर शाम आरोपी महिला के हाथ पैर बांधकर गन्ने के खेत में डाल कर भाग गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची और उसके हाथ पैर खोले। महिला की तहरीर पर आरोपी मोहनपाल के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। जनपद पटना (बिहार) निवासी महिला का अपने पति से विवाद हो गया था। वह वहां से काम की तलाश में यहां आ गई। एक सप्ताह पहले वह नौकरी की तलाश में बहजोई रेलवे स्टेशन पर घूम रही थी। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तभी आरोपी मोहर पाल निवासी सेमला भूड़ थाना धनारी उसे मिला। आरोपी ने महिला से शादी करने का झांसा दिया और अपने साथ ले गया। इसके बाद महिला को जंगल में बनी कोठरी में रखा और एक सप्ताह तक दुष्कर्म करता रहा। सात दिसंबर की रात आरोपी महिला को ट्यूबवेल से निकालकर गन्ने के खेत में ले गया और हाथ-पैर बांधकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी महिला को गन्ने के खेत में ही छोड़ कर भाग गया। किसी ने मोबाइल से यूपी डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के बंधु हाथ पैर खोले। महिला ने आरोपी के विरुद्ध अपहरण व दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस ने महिला को खेत से बरामद किया गया था। जिस नंबर से पुलिस को सूचना दी गई थी वह बंद है। जिसकी जांच की जा रही है। महिला की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।-श्रीशंद्र, एएसपी संभल

# चीनी मिलों को टैगिंग आदेशों के अनुसार गन्ना मूल्य भुगतान एवं विकास अंशदान का भुगतान किये जाने तथा सर्दी के मौसम को देखते हुए वाहनो पर रिफलेक्टर लगाये जाने के दिये गये निर्देश



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में गन्ना विकास विभाग की समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें जनपद की चीनी मिलों के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए। जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र 2021-22 का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान कृषकों को कर दिया गया है तथा चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र 2023-23 का दिनांक 02.11.2022 से शुभारम्भ करते हुए चीनी मिलों द्वारा 68.56 ला.कुं. गन्ने की खरीद कृषकों से की जा चुकी है। विगत पेराई सत्र 2021-22 हेतु निर्धारित राज्य परामर्शित मूल्य के आधार पर वर्तमान पेराई सत्र 2022-23 के 14 दिन पूर्व के गन्ना खरीद पर देय गन्ना मूल्य अंकन 133.00 करोड़ के सापेक्ष चीनी मिलों द्वारा 119.50 करोड़ का भुगतान कृषकों को कर दिया गया है। चीनी मिल बिलारी, बेलवाड़ा पर विगत पेराई सत्र का विकास अंशदान बकाया है, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा चीनी मिलों को गन्ना मूल्य भुगतान के साथ-साथ ही विकास अंशदान का भुगतान सम्बन्धित समितियों को किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही सर्दी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक गन्ना वाहनों पर रिफलेक्टर लगाये जाने के साथ-साथ चीनी मिल परिसर में कृषकों के लिये अलाव एवं चाय आदि की व्यवस्था किये जाने के निर्देश भी दिये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्पष्ट निर्देशित किया गया कि चीनी मिल के बाहर गन्ना वाहन सही ढंग से खड़े रहे, जिसकी व्यवस्था चीनी मिल प्रशासन करें, ताकि किसी भी दशा में यातायात प्रभावित न हो तथा कोई हादसा एवं दुर्घटना की स्थिति स्पष्ट न हो। बैठक में चीनी मिल बिलारी के उपाध्यक्ष श्री सुभाष खोखर, चीनी मिल अगवानपुर के उपाध्यक्ष श्री मनोज कुमार पाण्डेय, चीनी मिल रानीनांगल के महाप्रबंधक गन्ना श्री टी.एस.यादव एवं चीनी मिल बेलवाड़ा के महाप्रबंधक गन्ना श्री राजपाल सिंह उपस्थित रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# AAP small government

Finally, in the MCD elections, the people of Delhi reposed faith in Kejriwal's Aam Aadmi Party. The double engine mantra on which the BJP used to seek votes in the states, with the same double engine government's weapon, AAP defeated the BJP. In this election, such a 'broom' went on that not only the BJP, which had been ruling the MCD for fifteen years, was cleared, but the Congress too could not even reach double digits. However, in this election, BJP had put its whole life. Recently, three municipal corporations were merged into one. Due to which some seats were also reduced and the elections were also delayed by six months. Not only this, the Chief Ministers and Union Ministers of many states kept trying to assure the public. He did smoky rallies, road shows and street meetings, but could not get a majority to form a small government. The BJP, on its part, made a lot of efforts but the number of party councilors could reach only 104. Whereas, AAP secured absolute majority by winning 134 seats. This was the second MCD election of Aam Aadmi Party. In the last election, it left the Congress behind and became a rival of the BJP. This time the BJP was deprived of the pleasure of power. In this election, his vote percentage also crossed 40. People reposed faith in AAP's double engine government in the state and in the MCD. While the BJP fought elections on Narendra Modi and national issues, AAP preferred local issues of Delhi. You have realized that the public gives priority to the issues of cleanliness, garbage piles and cheap-electricity-water. Kejriwal fought the election on local issues and got success. It is true that the disillusionment factor was also working against the BJP, which was ruling the MCD for fifteen years, for which the party paid in this election. In fact, Kejriwal's promise of cleanliness in the MCD elections worked. At the same time, the public did not like the negative propaganda of the BJP. By making garbage a big issue in the elections, AAP laid siege in the manner of BJP. At the same time, he assured the people that the party will dispose of the mountains of garbage built at Ghazipur and other landfill sites, which have become a stain on Delhi's reputation. The astute Sujan Kejriwal realized that there was anger among people about cleanliness, which could be converted into votes. Which BJP supporters were also feeling. The evergreen issue of free electricity and water has also been an election weapon of AAP, the effect of which was also seen in the election. new change by moving away from the different vote pattern of the people of Delhi in Lok Sabha, Vidhansabha and MCD. Which can also be called a danger bell for BJP. It can be said that the bet of BJP to unite all the three MCDs has also failed. At the same time, to stop AAP's activism in Gujarat elections, the central government's maneuver to hold Delhi MCD elections in the meantime also did not work. At the same time, BJP's bet of giving tickets to four Pasmanda Muslims did not work. Whereas AAP is being told about getting bumper votes of Muslim voters. The priority of these voters has always been to vote for a strong party candidate standing against the BJP candidate. AAP also made inroads in BJP's areas which were considered BJP strongholds. The AAP made gains in several areas of West Delhi, where the BJP used to dominate. On the other hand, the saying of some BJP leaders that mayor will be ours is increasing your concern that the Chandigarh-like incident may not be repeated.

# Urvashi Rautela dressed like a bride in her brother's wedding, wore a lehenga worth Rs 35 lakh

Urvashi Rautela, one of the beautiful actresses of B-Town, has been making headlines for her love life for a long time now. The name of the actress is being associated with Indian cricket team player Rishabh Pant for one reason or the other, which is becoming a topic of discussion. But today Urvashi Rautela is in headlines not because of her personal life but because of her looks and style. In fact, recently the lehenga and jewelry worn by Urvashi has become a topic of discussion on social media. Pictures of the actress on this occasion are also going viral on social media. Hearing this, a question must have arisen in your mind that what did Urvashi wear that is becoming so viral, so let's know. The looks of Bollywood actress Urvashi Rautela often go viral on social media. She does not even refrain from spending lakhs and crores of rupees on each of her looks. He has done something similar recently in his brother's marriage. Actually, Urvashi Rautela wore a very beautiful lehenga and jewelery in the wedding of her aunt's son, seeing which everyone's eyes were left wide open. In the video of the actress going viral from the wedding function, she is seen dancing fiercely. Urvashi's lehenga and jewelery are being discussed more than her look. If reports are to be believed, the actress has spent Rs 1 crore 20 lakh on herself for her brother's wedding, out of which Rs 35 lakh is said to be the cost of her lehenga. Urvashi is seen wearing a very cute lehenga in the pictures and videos that surfaced. The actress wore a heavily embellished lehenga with zari, stones and sequins and hand embroidered work. With this lehenga, Urvashi wore multi-layered jewelery with Polki-Uncut Diamond and Green Drop Beads, which was making her look even more royal. The beauty of the actress is getting brighter in these pictures. Fans are commenting fiercely on these videos of the actress. Talking about the work front, Urvashi is in discussions these days for her song 'Boss Party' from superstar Chiranjeevi's upcoming film 'Waltair Veeraiya'. This recently released song has been viewed more than 20 million times on YouTube. Along with this, if reports are to be believed, Urvashi is soon going to make her Hollywood debut with Netflix's film 'Renata Fonte'.



# Jeetendra got angry on the stage of the reality show? Told this to comedian Bharti Singh

In the famous singing reality show 'Sa Re Ga Ma Pa Li'l Champs', many film stars come as guests. During this, he cannot stop himself from praising the melodious voice of the little singers. This time, actors Jitendra and Govinda are going to be seen dancing in this show. The promo of the show has been released. In the promo, Govinda and Jitendra are seen dancing together on stage. At the same time, Bharti Singh is praising both. But, suddenly Jitendra starts getting angry and he is also seen taking out his anger on Bharti. In the promo, Govinda and Jitendra are seen entering the show together. But, Jitendra seems to be getting angry on a small matter. Actually, both the stars dance brilliantly on the stage. Meanwhile, Bharti says, 'There should be loud applause for Govinda sir and Jitendra sir.' Jitendra is seen angry on this matter. Seeing the promo, it seems that Bharti first took Govinda's name, Jitendra got upset because of this. Jitendra is seen asking questions to the host of the show, Bharti Singh. Expressing his displeasure, Jitendra tells Bharti, 'Who is the senior among us (Govind and Jitendra)? I tell you. I am senior and he (Govinda) is junior. Why did you take his name in the first place? Bharti Singh looks a bit upset after Jitendra asked such a question. She is seen shaking yes to Jitendra's yes. In the next shot in the video, Bharti is also seen standing with folded hands in front of Jitendra. Hearing these words of Jitendra, even the judges sitting there became silent. During this, Govinda is also seen smiling only. However, is it a prank or Jitendra is really upset, it will be known in the show itself.



# प्रेम-संबंध में पत्नि ने प्रेमी संग मिलकर पति श्रीकृष्ण उर्फ बंटू की हत्या कराई थी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-प्रेम-संबंध में पत्नि ने प्रेमी संग मिलकर पति श्रीकृष्ण उर्फ बंटू की हत्या कराई थी। बागवाला पुलिस ने आरोपी महिला पत्नी, इसके प्रेमी को पकड़ लिया। एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। दोनों को पुलिस ने जेल भेजा है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि पांच दिसंबर की शाम को थाना बागवाला के गांव भटमई में युवक का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त घरवालों ने श्रीकृष्ण उर्फ बंटू निवासी लालपुर बरौली बागवाला हाल पता नगला चंदन कोतवाली नगर के रूप में थी। युवक की मौत पानी में डूबने से हुई थी। मामले में मृतक के भाई किशनपाल ने आरोपी प्रदीप बघेल, इसके भाई चमन बघेल पुत्र दयाराम निवासी नगला पुन्नी थाना बागवाला, मृतक की पत्नी लाडो पत्नी श्रीकृष्ण निवासी लालपुर के विरूद्ध दर्ज कराई थी। बागवाला प्रभारी नरेश सिंह, टीम ने अरोपी प्रदीप को अलीगंज रोड़ स्थित रेलवे पुल, पत्नी को घर से पकड़ा। पूछताछ में चौंकाना वाला खुलासा हुआ। श्रीकृष्ण, प्रदीप पुलिस लाइन में नौकरी करते थे और दोनों में गहरी दोस्ती हो गई थी। प्रदीप भी श्रीकृष्ण के साथ नगला चंदन स्थित किराये के घर में साथ रहने लगा था। लाड़ो से प्रदीप के मधुर संबंध हो गए। छह अक्तूबर को दोनों गुरूग्राम चले गए। श्रीकृष्ण ने रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी थी। आरोपी ने पत्नी को शिकोहाबाद रोड़ पर छोड़कर चला गया था। श्रीकृष्ण की हत्या के लिए आरोपी प्रदीप ने अपने भाई चमन बघेल को राजी किया। तीनों ने हत्या की योजना बनाई। चार दिसंबर को शराब पीने के बहाने बुलाया और अत्यधिक शराब पिलाने के बाद वन विभाग की तलैया में खींच ले गए। पानी में डूबाकर हत्या कर दी ओर शव को करब पर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने घटना के समय कपड़े, खाली बोतल, नमकीन, अन्य सामान बरामद किया

# आगरा में आयोजित कार्यक्रम में एटा पुलिस के दो जाबांज अधिकारियों को किया गया सम्मानित



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आगरा में आयोजित कार्यक्रम में एटा पुलिस के दो जाबांज अधिकारियों को किया गया सम्मानित टीवी चैनल के कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सम्मानित अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा और कोतवाली नगर प्रभारी डॉक्टर सुधीर कुमार राघव को किया गया सम्मानित दोनों ही अधिकारियों को जनपद में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया

सम्मानित एडीजी जोन राजीव कृष्ण और आगरा के कमिश्नर डॉक्टर प्रीतिंदर सिंह ने किया सम्मानित दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों ने एटा पुलिस के अधिकारियों की जमकर की तारीफ इस अवसर पर सीओ सुधांशु शेखर, उप निरीक्षक विपिन भाटी और कांस्टेबल मनोज कुमार रहे मौजूद

# तीन दिन में आधार लिंक नहीं कराया तो रुकेगा वेतन

एटा-शासन द्वारा परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की यूनीफॉर्म, जूते-मौजे, बेग, स्वेटर आदि के लिए अभिभावक के खाते में धनराशि भेजी जाती है। अभिभावक के खाते से बच्चे का आधार कार्ड लिंक होना जरूरी है, लेकिन जिले में छह ब्लॉकों के 45 विद्यालयों द्वारा आधार लिंक नहीं कराया गया है। इसके चलते बच्चों की यूनीफॉर्म आदि के लिए धनराशि नहीं पहुंच पा रही है। संबंधित शिक्षकों को इसके लिए तीन दिन का समय दिया गया है। इसके बाद वेतन रोक दिया जाएगा। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत समय-समय पर निर्देश जारी किए गए हैं। ऑफलाइन सहित ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से कई बार समीक्षा की गई। जहां बच्चों के अभिभावकों के खाते से आधार फीड करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद भी जिले में शिक्षकों द्वारा लापरवाही की जा रही है। उन्होंने बताया मारहरा क्षेत्र के आठ, निधौलीकलां के छह, शीतलपुर के 12, जैथरा के पांच, जलेसर के चार और सकीट क्षेत्र के 10 विद्यालयों द्वारा बच्चों के आधार लिंक नहीं कराए गए हैं। इसकी वजह से बच्चों के अभिभावकों के खाते में धनराशि नहीं पहुंच पा रही है। इसको लेकर तीन दिन का समय दिया गया है। अगर तीन दिन में बच्चों का आधार अभिभावक के बैंक खाते से लिंक नहीं किया गया तो संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक का दिसंबर माह का वेतन रोका जाएगा।

# उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारियो पर जीएसटी सर्वे की छापेमारी का किया विरोध

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारियो पर जीएसटी सर्वे की छापेमारी का किया विरोध, त्रस्ञ छापेमारी का विरोध करते करते हुए व्यापारियों ने शहर मे निकाला जुलुस, नगर अध्यक्ष अतुल राठी के नेतृत्व मे व्यापारियों ने,छरू प्रशासन अलोक कुमार कों सौपा ज्ञापन, जीएसटी टीम की सर्वे व छापेमारी से व्यापारियों दहशत मे है-अतुल राठी नगर अध्यक्ष व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी हालत मे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा-अतुल राठी जीएसटी सर्वे की कार्यवाही अगर न रुकी तो होगा बड़ा आंदोलन-अतुल राठी ज्ञापन के दौरान अतुल राठी अध्यक्ष व्यापार मंडल,अशोक सर्राफ, राकेश वार्ष्णेय चिकोरी वाले,कल्लू मियां, राकेश वार्ष्णेय ऋच ज्वेलर्स, डेविड जैन, अमित गुप्ता, संजीव जैन, प्रसून वार्ष्णेय, विनायक गुप्ता, धर्मबीर गहलोत, उमेश प्रताप चौहान समेत दर्जनों व्यापारी रहे मौजूद,

# बिहार गोपालगंज जलजमाव की समस्या



राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बिहार गोपालगंज-जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में समाहरणालय में कार्यालय सभा कक्ष में विष्णु शुगर मिल, गोपालगंज और भारत शुगर मिल के प्रबंध एवं एस.डी.सु.श्री राधाकांत के साथ गन्ना उत्पादित क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या पर बैठक की गयी। बैठक में गन्ना उत्पादित क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या के निदान हेतु। जल निकासी के विभिन्न स्त्रोतों को लेकर चर्चा की गई। संबंधित समस्या के लिए जल निकासी हेतु बाधीत होनेवाले जगहों के मैप निर्माण कराने के साथ अन्य उपाय के निर्देश दिए।

# 05 जनवरी 2023 से प्रस्तावित प्रदर्शनी हेतु कार्यक्रम के संभावित संयोजकों के साथ बैठक 11 दिसम्बर को

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी 2023 का होगा भव्य आयोजन 05 जनवरी 2023 से प्रस्तावित प्रदर्शनी हेतु कार्यक्रम के संभावित संयोजकों के साथ बैठक 11 दिसम्बर को जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी आयुष चौधरी ने सूचित किया है कि शहर के जीटी रोड सैनिक पडाव प्रांगण में राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी-2023 का भव्य आयोजन किया जाना है। प्रदर्शनी के शुभारम्भ की सम्भावित तिथि 05 जनवरी 2023 निर्धारित की गई है। एडीएम ने बताया कि प्रदर्शनी में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संभावित संयोजकों की बैठक 11 दिसम्बर को अपरान्ह 03:30 बजे कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। प्रदर्शनी के भव्य मंच पर जिले की प्रतिभाओं के प्रस्तुतीकरण हेतु सुक्षाव एवं आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे।



इस हेतु पूर्व में कराये गये आयोजनों से भिन्न अपेक्षाकृत बेहतर विचारों एवं कार्यक्रमों को वरीयता प्रदान की जानी है। इच्छुक महानुभाव 11 दिसम्बर को आयोजित बैठक से पूर्व अपने सुक्षाव एवं आवेदन एडीएम वित्त एवं राजस्व के समक्ष प्रस्तुत करते हुये बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# जीपीएम पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्टंट ना करने लोगों से की अपील, जादूगर बरसों की अभ्यास से करता है करतब

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- यातायात नियमों का पालन करने एवं नियमों का उल्लंघन न करने की दी समझाइस जीपीएम पुलिस अधीक्षक श्री यू उदय किरण के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने समझाइश दी जा रही है इसी बीच आज दुर्गेश टॉकीज गोरेला में चल रही जादूगर आनंद व आकाश जादूगर ने बिना सिर के व्यक्ति मोटरसाइकिल चलाने का करतब दिखाया गया, जादूगर द्वारा दुर्गेश टॉकीज गोरेला से पेंड्रा दुबरिया तिराहा, दुर्गा चौक, अमरपुर कॉलेज ,पुरानी बस्ती पेंड्रा, गड़ी न्यू बस स्टैंड पेंड्रा ,सिमरा तिराहा, संजय चौक, गिरवर बाईपास ,गोरखपुर रेलवे फाटक, से होते हुए वापस दुर्गेश टॉकीज आया



जादूगर के इस करतब के संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री किरण के द्वारा आमजन से अपील की गई कि जादूगर बिना देखें बड़ी सावधानी से मोटरसाइकिल चला सकता है तो हम लोग देख कर भी सावधानीपूर्वक वाहन क्यों नहीं चला सकते द्य जादूगर का यह बरसो की अभ्यास है जिसके चलते वह मोटरसाइकिल चला रहा था यातायात प्रभारी श्री प्रवीण द्विवेदी के द्वारा लोगों से अपील की गई कि इस तरह की कोई भी स्टंट ना करें यह यातायात नियमों के विरुद्ध है , ऐसे स्टंट जानलेवा हो सकते हैं, यातायात नियमों का पालन करें जीपीएम पुलिस सदेव आपके साथ है

# लैंगिक समानता लाने निकाली गई जागरूकता रैली

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले में चलाया जा रहा महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा ,महिला सुरक्षा संबंधित कानूनी अधिकार, यातायात नियम, साइबर क्राइम से जन समुदाय को किया गया जागरूक पुलिस मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों को अवसर प्रदान करने एवं पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से( महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के उन्मूलन दिवस के अवसर पर ) लैंगिक जागरूकता अभियान के तहत *पुलिस अधीक्षक श्री यू. उदय किरण* के निर्देशन एवं अनुभाग अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 8-12 -2022 को शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा के छात्रों एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल पेंड्रा की छात्राओं के द्वारा रैली निकालकर जन समुदाय को लैंगिक समानता, महिलाओं पर हो रही हिंसा, भेदभाव के संबंध में बताया गया साथ ही महिला सुरक्षा संबंधी कानूनी अधिकार, यातायात नियम, साइबर



क्राइम, अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी गई जागरूकता रैली में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा की शिक्षिका श्रीमती पैकरा, श्रीमती एस मरावी ,श्रीमती के वैश्य, श्रीमती के श्रीवास, शिक्षक श्री विनय तिवारी ,श्री पीके पालके ,श्री भावेश लहरें ,श्री विवेक त्रिपाठी ,श्री एम एस कवर ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा के व्याख्याता श्री अनिल कुमार शर्मा ,श्री धरमराज भार्गव, श्री पवन सिंह राठौर, सुश्री मीना शर्मा ,सहायक शिक्षक श्री कमलेश यादव एवं यातायात प्रभारी श्री प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक अमरनाथ शुक्ला पेंड्रा थाना प्रभारी श्रीमती उषा सोंधिया उप निरीक्षक सेतराम गहीर ,आरक्षक सतीश यादव, महिला सेल प्रभारी सत्या सिंह बिसेन, महिला आरक्षक रेशू गौतम के द्वारा इस गतिविधि का सफल आयोजन किया गया

# लघु-सीमांत किसानों को धान बेचने के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्राथमिकता से टोकन काटने के निर्देश



ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान खरीदी व्यवस्था की समिति वार समीक्षा की। उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल में शून्य रकबा दिखाने वाले समितियों की समीक्षा करने, लघु एवं सीमांत किसानों से संपर्क कर उन्हे धान बेचने के लिए प्रोत्साहित करने और प्राथमिकता से उनका टोकन काटने निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान उपार्जन केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था, कर्मचारियों के समय पर उपस्थित होने तथा प्रत्येक शनिवार को समिति स्तर पर बैठक लेने एवं ढेरी लगाकर ही धान खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होने गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं करने पर धान उपार्जन केंद्र तेंदुमूड़ा के फड प्रभारी को हटाने और धान उपार्जन केंद्र धनौली में नियुक्त दोनों ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, संयुक्त कलेक्टर श्री विरंद्र सिंह, धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था के लिए नियुक्त सभी जिला नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) पेंड्रारोड एवं मरवाही, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, खाद्य अधिकारी एवं सभी खाद्य निरीक्षक उपस्थित थे।

# खेल भवन सह व्यामशाला भवन निर्माण से संबंधी त अनुसरण समिति की बैठक की गयी



राजेश कुमार द्विवेदी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बिहार गोपालगंज खेल विकास योजना जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में समाहरणालय कार्यालय कक्ष में मुख्य मंत्री खेल विकाश योजना अंतर्गत भी.एम.गोपालगंज में खेल भवन सह व्यामशाला भवन निर्माण से संबंधी त अनुसरण समिति की बैठक की गयी। संबंधित बैठक में महोदय ने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम से ससमय कार्य प्रारम्भ कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी समान्य शाखा, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम, जिला खेल पदाधिकारी श्री अन्नत कुमार, प्रधानाचार्य भी.एम.इटर कालेज आदि उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com